सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

विश्वविद्यालय–परिसर प्रवेश–सूचना ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री (बी0लिब0आई0एस–सी0)–
शैक्षणिक वर्ष–2024–2025 (प्रवेश तिथि वृद्धि)

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित **ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री (बी0लिब0आई0एस–सी0)** प्रवेश हेतु तिथि वृद्धि की जाती है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की ऑनलाईन पोर्टल **www.ssvvonline.in** के **"प्रवेश सत्र 2024–2025"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार करें।

ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेशावेदन–पत्र ऑनलाईन पद्धति से पूरित करने की तिथि 23.09.2024 से 25.09.2024 तक तिथि वृद्धि की जाती है।

प्रवेश परीक्षा का शुल्क रू0 800/– (आठ सौ रूपये) आनलाईन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के माध्यम से देय होगा, जो किसी भी दशा में वापस नही होगा। प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों तक प्रवेशावेदनपत्र पूरित कर लें।

नोट 1–छात्रावास की सुविधा के इच्छुक प्रवेशार्थी द्वारा छात्रावास आवेदन प्रक्रिया शुल्क के रूप में प्रवेश परीक्षा शुल्क रू0 800/– के साथ ही रू0 100/– भी देय होगा।

2– प्रवेशित छात्रों को एण्टी रैगिंग शपथ–पत्र भरना अनिवार्य है।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय) 27/9/2024
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0सं0 – 1040/2024 दिनांक – 22.09.2024
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष।
3– परीक्षा नियन्त्रक।
4– विभागाध्यक्ष ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री।
5– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
6– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को /सामर्थ्य को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
7– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
8– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) एवं प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं का निवारणार्थ एवं संलग्न आवश्यक नियम निर्देश को भी अपलोड करने हेतु साथ ही ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री की सूची 28.09.2024 को आवश्यक रूप से छात्रकल्याण कार्यालय को प्राप्त करा दें।
9– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
10– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
11– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय) 27/9
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी